छम छम नाचे घोडा सांवरे सजन का लगता है मुझे ये दीवाना है भजन का Bhajans Bhakti Songs

छम छम नाचे घोडा
सांवरे सजन का
लगता है मुझे ये
दीवाना है भजन का

भजनो के राज को
लीला पहचाने
स्वामी से मिलन
का भेद सारा जाने

भजनों के बिन क्या
मोल जीवन का
छम छम...

जुड़ता है मन जब
प्रभु के भजन से
जुड़ता है तार सीधा
प्रभु के चरण से

खींचा चला आये
श्याम पक्का है वचन का
छम छम...

भजनों की गंगा बहे
डुबकी लगा ले
डुबकी लगाके प्यार
सांवरिया का पा ले

यही है तरीका तेरे
प्रभु से मिलन का
छम छम...

जप तप ज्ञानी योगी
वेद सारे बोले
करले भजन विरथा
मत डोले

यही है ठिकाना 'नंदू'
मनमोहन का
छम छम...

Source:
https://www.bharattemples.com/cham-cham-nache-ghoda-sanwre-sajan-ka/

Complete Bhajans Collections - Download Free Android App
https://play.google.com/store/apps/details?id=com.numetive.bhajans

Facebook: https://www.facebook.com/bharattemples/
Telegram: https://t.me/bharattemples
Youtube: https://www.youtube.com/channel/UC24oJCxZJyhhKzSUD-Lt9Tw